आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## गोरहर थाना के समीप एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में गिरा, उपचालक गंभीर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के गोरहर थाना के समीप एक चावल लदा ट्रक यूपी 67 टी 3617 जीटी रोड किनारे गड्ढे में जा गिरा।बताया जाता है कि चावल लदा ट्रक बंगाल से बिहार जा रहा था।इसी बीच रास्ते मे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। जिसमे ट्रक उप चालक बिनय कुमार 48 पिता प्रयाग महतो मेदनापुर बिहार निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं बाइक सवार बद्री पासवान 45 पिता कन्हाई पासवान ग्राम बसरिया निवासी भी घायल गंभीर रूप से घायल हो गया।दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया।

## पेटो मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पेटो पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी पंचायत के जरूरत मन्द लोगों के बिच कम्बल का वितरण बुधवार को किया। मुखिया कौशल्या देवी ने बताया की पंचायत में कुल 150 कम्बल प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया गया था जिसका वितरण किया जा रहा है। जिन्हें अभी कम्बल नहीं मिल पा रहा है उन्हें जल्द ही मुहैया कराया जायेगोमौके पर पंचायत समिति सदस्य अरविंद साव,उप मुखिया लक्ष्मण साव वार्ड सदस्य,बिनोद राम,झालो देवी,कंचन यादव,कुलदीप साव, सकुंती देवी,पूजा देवी,बसंती देवी, पिंकी देवी,बाल देवी,राबिया खातून, नूरजहां खातून सहित कई लोग मौजूद थे ।

## प्रेस क्लब केरेडारी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**केरेडारी(आजाद सिपाही)** । प्रेस क्लब केरेडारी के पत्रकारों की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब केरेडारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा व संचालन सुमंत साहा ने किया ।इस बैठक में शामिल सभी पत्रकारों ने संगठन की मजबूती व एकजुटता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गयो पत्रकारों ने तय किया की क्षेत्र में होने वाली सभी गतिविधियों पर पैनी नजर भी रखा जायेगा ।प्रेस क्लब केरेडारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा की पत्रकारिता के क्षेत्र में अभी काफी चुनोतियां है लेकिन इन सब के बावजूद हम सबों को जनता की आवाज बन कर काम करना है मौके मनोज वर्मा,अमित कुमार माली, अवधेश कुमार, सुमंत साहा,गेंदों वर्मा,अरुण कुमार यादव,गणेश कुमार, मुकेश राम, रवि सोनी, रवि कुमार मिश्रा,इंद्रजीत गिरी,रॉकी कुमार,ब्राउन कुमार,ज्ञान कुमार, मिथलेश कुमार व अनिल माली सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

## दलित युवक हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पचड़ा पंचायत के चर्चित दलित युवक हत्याकांड में संलिप्त आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर समाजसेवी शहीद उर्फ शोनू इराकी ने बुधवार को झारखण्ड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भेंट किया। भेंट के दौरान शहीद ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता को मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की हत्या के बाद करीब एक महीने बीतने को हैं लेकिन हत्या के आरोपियों की अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है जो चिंता का विषय है पीड़ित परिवार अभी तक न्याय की आस लगाये हुए है वहीँ मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

## वैन ने स्कूली बच्चियों को मारी टक्कर तीन घायल, एक रिम्स रेफर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की सुबह कोडरमा थाना बरसोतियाबार के पास बालाजी स्कूल की वैन ने स्कूली बच्चियों को टक्कर मार दिया। घटना में 3 स्कूली बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गयी. घायलों की पहचान नगमा प्रवीण (उम्र 17, पिता असगर अंसारी, ग्राम पाण्डेयडीह), पूजा कुमारी (उम्र 14, पिता दुर्गा महतो, पाण्डेयडीह), दिलफरोस (उम्र 16, पिता इब्राहिम पाण्डेयडीह, कोडरमा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सभी पांडेडीह से कोडरमा कोचिंग क्लास करके स्कूल जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। बच्चियां पैदल ही स्कूल जा रहीं थी तभी बालाजी स्कूल की वैन के चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद आनन-फानन में तीनों बच्चियों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जिसमें एक पूजा कुमारी को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। तीनों परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में नवमी वर्ग की छात्रायें है। कोडरमा पुलिस के द्वारा गाड़ी को जप्त करके थाना परिसर में रखा गया है।

## शिकायतों के निष्पादन और समस्याओं के समाधान हेतु सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बुधवार को विभिन्न प्रखंडो के चयनित पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के कुण्डीधनवार, कोडरमा प्रखंड के इन्दरवा, जयनगर प्रखंड के गोहाल एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया के वार्ड नं. 19 एवं 20 में आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने के तरीकों से अवगत कराया गया ताकि अपनी लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान उपरोक्त के अलावा संबंधित नोडल अधिकारी, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य एवं पंचायत के अन्य गणमान्य तथा प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## कोडरमा में कलाकारों के दल ने ग्रामीणों को योजनाओं से किया जागरूक

**कोडरमा।** सूचना व जनसंपर्क विभाग कोडरमा द्वारा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में वृहद रुप से प्रचार-प्रसार कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया जा रहा है। इस कड़ी में जिले के चिन्हित प्रखंड के पंचायतो में लगाये गये शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। कलाकारों द्वारा हरा राशान कार्ड, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, इत्यादि योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया।

## दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी पर लदा कोयले का हुआ ऑक्शन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के गुरपा में दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी पर लदा कोयले का बुधवार को कोडरमा स्टेशन पर ऑक्सन हुई। धनबाद रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक एसके गॉड, लेखा निरीक्षक विनय कुमार, कोल इंसपेक्टर बीपी लाल की देखरेख में हुए ऑक्सन में कोडरमा से गया के बीच 12 लोग शामिल हुए। खुली ऑक्सन में शामिल हुए 12 लोगों से 10-10 हजार की राशि जमा ली गई। जो वापसी थी। ऑक्सन की राशि (85 लाख) बंद लिफाफे में थी। लगभग 3 घंटे तक चली डाक की बोली 5.11 लाख से शुरू हुई। अंतिम बोली संजय राही की ओर से 91 लाख लगाई गई। निविदा में कोडरमा से अंकित केडिया व संजय राही गया से अजीत कुमार पहाड़पुर से पिंकू कुमार गुप्ता गुरपा से सुनील कुमार मनोज कुमार आदि लोगों ने हिस्सा लिया। बताते चलें गत 26 अक्टूबर को हजारीबाग के बोंगादाग से 58 बॉगी मालगाड़ी कोयला लादकर गया की ओर जा रही थी। इंजन का ब्रेक फेल होने के कारण गुरपा स्टेशन पर मालगाड़ी के 53 बोगी बेपटरी हो गई थी।

### बड़कागांव मुख्य चौक में जलजमाव से होने वाली समस्या से जल्द मिलेगी निजात

# प्रक्रिया पूर्ण होते ही शुरू होगा नाली निर्माण का कार्य : अंबा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मुख्य चौक से टैक्सी स्टैंड तक जाने वाली मुख्य सड़क में लगातार नाली के पानी सड़क पर बहने की समस्या का स्थाई समाधान हेतु निविदा प्रकाशित कर दी गई है विधायक अंबा प्रसाद ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि बड़कागांव मुख्य चौक मे एसएन मेडिकल से पुस्तकालय भवन तक नाली निर्माण मे 13 लाख 96 हजार 300 रुपए खर्च होगी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से संबंधित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है एवं जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात बड़कागांव मुख्य चौक में बहती गंदे नाले का पानी से राहगीरों एवं समस्त बड़कागांव वासियों को निजात मिलेगो ज्ञातव्य हो कि नाले का पानी सड़क पर बहने के कारण व गंदी बदबू से आसपास के दुकानदार एवं निवास करने वाले लोग काफी परेशान रहते थे नाली का पानी सड़क पर बहने से बड़कागांव वासियों समेत आने जाने वाले लोगों की समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद काफी दिनों से स्थाई समाधान के लिए पहल कर रही थी, विगत दिनों उन्होंने कई अधिकारियों को लेकर बड़कागांव चौक का मुआयना किया था एवं लोगों को आश्वस्त किया था कि यथाशीघ्र इसका स्थाई समाधान निकाला जाएगा और इसी कड़ी में विगत दिनों विधायक ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा था कि डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक में बड़कागांव चौक मे होने वाले जलजमाव से मुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है और इसी के आलोक में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव मुख्य चौक में होने वाले जलजमाव से लोगों को बहुत जल्द निजात मिलने वाला है, इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, बहुत जल्द निविदा निस्तारण कर कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा ।

## लुगू बुरु संताल आदिवासियों की धरोहर है इसे संजोये रखने की जरूरत है : आनंद सोरेन



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत अंतर्गत कासियाडीह व बिराखाप के गाँव प्रधान, जोगवा, नायके व महिलाओं व बुद्धिजीवियों ने लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गढ़ में आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल हुए व लुगू बुरु घंटा बाड़ी धोरोम गढ़ का दर्शन किये। मौके पर समाजसेवी आनंद सोरेन, चरही मुखिया महादेव सोरेन व पूर्व मुखिया महादेव सोरेन के द्वारा सभी गांव प्रधानों, नायके, जोगवा, महिलाओ व बुद्धिजीवियों को हरा गमछी देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी आनंद सोरेन ने कहा कि लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाड़ संताल आदिवासियों का धरोहर है इससे संजोये रखने की जरूरत है महालाल हांसदा ने कहा कि संताल आदिवासी समुदाय को अपनी संस्कृति को बचाने के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष घ्यान देने की जरूरत है . कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी आनंद सोरेन,झारखंड आदिवासी दलित मंच का संयोजक महालाल हांसदा, चरही मुखिया संझली देवी ,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, फिलन होरो, रमेश सोरेन, राजू सोरेन, शिवराम सोरेन ,सुरजन सोरेन, सुरेश टुडू, जगलाल सोरेन, लक्ष्मण हेम्ब्रोम, सिबना सोरेन, लखन हेम्ब्रोम, बोथा बेसरा, बंसी मरांडी, चरण हेम्ब्रोम, महादेव हांसदा ,देना हांसदा, मोतीलाल सोरेन, महादेव हांसदा, बाबूलाल मांझी, सलखन सोरेन, जगदीश मुर्मू, महादेव टुडु, रूपलाल टुडू, प्रकाश टुडु बिशू न मुर्मू, चारो हांसदा ,बाबूलाल ,हांसदा, शिवराम हांसदा, बिल्ला सोरेन, जीवन सोरेन, पार्वती मरांडी, फुलकी हांसदा, रूपणी हेम्ब्रोम, मलको सोरेन, दिनी हांसदा, मूसली, बहामुनि हेम्ब्रोम, सानिया मुर्मू, सहित अन्य लोगों का अहम भूमिका रहा .

## आमनारी पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखण्ड के पंचायत अमनारी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा, अंचल अधिकारी राजेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता, अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा प्रसाद मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर पेंशन, में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गए। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, मनरेगा, कृषि, राजख, स्वास्थ्य, जे०एस०एल०पी०एस०, पेयजल, विद्युत विभाग आदि के स्टॉल लगाए गये थे। इस शिविर में मनरेगा योजना के तहत कुल 33 योजना जिसमें कूप 16, डोभा 05, शेड 04, दीदी बाड़ी 08, जिसकी प्रा०रा० 94,67,919 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सबीना खातुन पति मो० इसरैल, डंडईकला एवं लक्ष्मी देवी पति नरेश राम, अमनारी को आवास पूर्ण कर लेने के उपरांत गृह प्रवेश कराया गया। क्रेडिट लिंकेज के तहत खरछढर से 03 समूहों में कुल 9,00,000 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। 157 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर देव नारायण प्रसाद उप मुख्यिा, अनीता देवी पं०स०स०, सविहा खातुन, दिव्या सिन्हा उज्वल किशोर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सुनील कुमार प्रखण्ड समन्वयक पंचायत राज, धीरेन्द्र कुमार पंचायत सचिव, तापेश्वर कुमार ग्राम रोजगार सेवक के अलावे प्रखण्ड सह अंचल के कर्मी और सैकड़ों संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिवम आयरन से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ थाने में बैठक

### एसडीओ के नेतृत्व में गठित कमेटी करेगी प्रदूषण जांच



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लालमन दिग्थु स्थित शिवम आयरन स्पंज फैक्टरी द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण को लेकर तीसरे दौर की वार्ता बुधवार को तिलैया थाना में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डूंगडूंग ने की। बैठक में थाना प्रभारी रामनारायण ठाकुर,अंचल निरीक्षक के अलावे फैक्टरी प्रबंधन व ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में तय समय से करीब एक घंटा विलंब से फैक्टरी प्रबंधन द्वारा पहुंचने पर ग्रामीणों व पदाधिकारियों ने नाराजगी जतायी। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में फैक्टरी को प्रदूषण पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी कई जांच कमेटी बनी और जांच की गई, बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं आया। वार्ता में एसडीओ के नेतृत्व में गठित होने वाली कमेटी में ग्रामीणों के भी चार सदस्यीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो प्रदूषण की जांच करेंगे। वहीं प्रदूषण को कम करने के लिए फैक्टरी प्रबंधन द्वारा फैन्यूमेटिक एश हैंडलिंग और फिल्टर तीन माह के अंदर लगाने की बात कही गई। साथ हीं आधुनिक विधि द्वारा प्रदूषण को पूर्णतः नियंत्रित करने का आश्वासन दिया गया। वहीं कंपनी प्रबंधन के द्वारा धरना दे रहे किसी भी ग्रामीण पर किसी तरह का कोई मुकदमा दर्ज नहीं करने की भी बात कही गई। मौके पर चंदवारा पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, उमेश यादव, झुमरी पंसस गणेश दास, त्रिभुवन यादव, राजू यादव, फैक्टरी प्रबंधन की ओर से शिव कुमार अग्रवाल, मैनेजर पियूष कुमार आदि मौजूद थे। बता दें कि शिवम फैक्टरी द्वारा प्रदूषण फैलाये जाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा 2 नवंबर से फैक्टरी के गेट के पास अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये थे। ग्रामीणों की मांग थी कि या तो फैक्टरी प्रबंधन प्रदूषण पर रोक लगाये या फिर गांव व फैक्टरी को विस्थापित करें। धरना के सातवें दिन मंगलवार को धरना स्थल पर एसडीओ संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की वार्ता हुई। इसमें जांच कमेटी बनाकर प्रदूषण की जांच करने समेत अन्य कई मुद्दों पर सहमति बनी, जिसके बाद धरना को समाप्त किया गया था।

### मतदाता सूची के संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को उपायुक्त आवास परिसर से जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने से लेकर हटाने तक का कार्य किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम नौ नवंबर से प्रारंभ होगा एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया जाएगा। आठ दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां का निस्तारण टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर 26 दिसंबर तक किया जा सकता है। साथ ही फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे। नया मतदाता बनने के लिए फार्म छह भरना होगा। 12, 13, 19 व 20 नवंबर विशेष अभियान चलाया जाएगा। बीएलओ द्वारा आश्रयहीन, घुमंतू मजदूरों, दिव्यांग आदि व्यक्तियों का पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। 9 से 15 नवम्बर तक सभी शहरी क्षेत्र के अपार्टमेंट व कॉलोनी में बीएलओ पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल करेंगे। 16 से 22 नवम्बर 2022 तक सभी प्लस टू स्कूल व 23 से 29 नवम्बर तक सभी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में विशेष निबंधन शिविर लगाया जायेगा। सभी आम नागरिकों एवं राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों से अपील है कि लोकतंत्र की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें ।

## डीआरडीए निदेशक ने किया कटकमदाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग प्रखंड के सलगा ग्राम के बिरहोर टंडा में मिनी आंगनबाड़ी का उद्घाटन निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण नियाज अहमद, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कटकमदाग शालिनी खलखो एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे फीता काट कर किया गया। इस दौरान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना द्वारा निर्मित गूडर बिरहोर, बिरु बिरहोर एवं देवरिया देवी का गृह प्रवेश भी विधिवत रूप से कराया गया। इस गृह प्रवेश समारोह के मौके पर बिरहोर परिवार के द्वारा ढोलक की थाप पर सांस्कृतिक गान एवं नृत्य पेश किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत अडरा के विभिन्न गांव में प्रधानमंत्री आवास एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास के तहत बन रहे मनोहर पूर्ति, अगनेश टुटी, शांति नाग, मार्शल रूंडा,मुक्तिधान एवम फिलिप नाग के निमार्णाधीन आवास का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन, जिला समन्वयक प्रशिक्षण,विजय कुमार साहू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद इकराम एवं प्रखंड के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध बालू खनन पर खनन विभाग की कार्रवाई, अवैध बालू लदे 17 ट्रैक्टरों जब्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी नैंसी सहाय के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार एवं खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा अवैध बालू खनन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए ज़िला पुलिस बल एवं बडा बाजार थाना के मदद से जिले मे कुल 17 ट्रैक्टरो को जब्त किया गया। जब्त सभी ट्रैक्टरो को बडा बाजार, कटकमदाग एवं ईचाक थाना मे रखा गया है। जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार ने बताया कि बड़कागांव के नवाटांड बालू घाट को विधिवत रूप से चालू करा दिया गया है, जिसकी क्षमता लगभग 23,98,000 घनफीट प्रतिवर्ष है। सरकार द्वारा बालू का प्रति ट्रैक्टर निर्धारित मुल्य 750 रुपए व 5 प्रतिशत जीएसटी है। जिले के सभी संवेदक एवं ट्रैक्टर चालक उक्त घाट से बालू बुकिंग कर खरीद बिक्री कर सकते है। बिना चलान के बालू बिक्री करते पकडे जाने पर वाहनो पर कार्रवाई की जायेगी। जिला खनन निरीक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि बीते दो दिनो मे बालू पत्थर एवं मिट्टी लदे कुल 21 वाहनो को पकडा गया है तथा उदय मेहता के क्रशर एवं प्रकाश मेहता के पुर्व में संचालित पत्थर खदान की भी जॉच की गई है। जिले मे अवैध बालू परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जायेगी। वैध रूप से बालू खनन व परिवहन से राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि के साथ कानून का भी अनुपालन सुनिश्चित होता है।

## एनटीपीसी आइटीआइ में आग सुरक्षा के तहत जागरूकता कार्यक्रम कराया गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी द्वारा संचालित माइनिंग एंड आईटीआई में आग सुरक्षा से बच बचाओ संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें तकरीबन 130 छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच जागरूकता एवं बच बचाव के उपाय की जानकारी प्राप्त करना था। आग सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी आग एवं सुरक्षा विभाग के अपर महाप्रबंधक अधिकारी उपस्थित थे। अग्नि सुरक्षा टीम ने छात्रों एवं कर्मचारियों के बीच आग से बच बचाओ एवं आग पर काबू पाने की विस्तृत जानकारी दी एवं साथी साथ छात्रों एवं कर्मचारियों से फायर फाइटिंग इक्विपमेंट के प्रयोग का प्रैक्टिकल भी कराया। मौके पर प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने आईटीआई का प्रतीक चिन्ह अपर महाप्रबंधक को भेंट किया।

## विस्थापितों का धरना तीसरे दिन भी जारी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड एवं गोमिया प्रखण्ड के द्वारा कोनार डैम में विस्थापितों को धरना लगातार तीन दिनों से जारी है। इसको लेकर वरीय पदाधिकारी कोनार डैम डीवीसी के तथा पुलिस प्रशासन द्वारा धरना प्रदर्शन को स्थगित करने को लेकर आग्रह करने का कार्य भी जारी है। डी०वी०सी विस्थापितों ने भी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया है।गोमिया एवं बिष्णुगढ़ के विस्थापितों को बिजली पानी मुफ्त दिया जाए, और दोनों प्रखण्डो को सिंचाई के साधन दिया जाए। 1974 में पाईप-नल बनाकर विस्थापितों को नौकरी दिया जाए नहीं तो 15 लाख करके मुआवजा दिया जाए, कोनार डैम का एकाउंट ऑफिस यहाँ फिर से लाया जाए। आज तीसरा दिन का धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता दिनेश्वर मंडल ने की। संचालन सुरेश राम के द्वारा किया गया। जिसमें आज तीसरा दिन धरना प्रदर्शन किया गया और माँग पूरी नही हुई। कल 10/11/2022 को दोनों ब्लॉक से एक- एक प्रदर्शनकारी और विस्थापितों से एक प्रदर्शनकारी आमरण अनशन करेंगे।मौके पर बनासो पंचायत समिति सदस्य राजू महतो, महमूद आलम, पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल, मध्य जिला परिषद शेख तैयब, भेलवारा पंचायत समिति अजय मंडल, गुड़िया देवी, देवकी देवी, राजेंद्र मंडल , दशरथ राय रामलाल सोरेन, मोहम्मद मिंहाज, गंगाधर महतो आदि उपस्थित थे।

## नि: शुल्क परामर्श और रजिस्ट्रेशन चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** निसंतान की समस्या निजात को लेकर बड़कागांव शांति सेवा सदन में बुधवार को ओएसिस फर्टिलिटी रांची के द्वारा निशुल्क परामर्श व रजिस्ट्रेशन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सहयोगी आनंद सिंह कंचन झा, सर्वेश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार सोनी, शांति टोपनो, विवेक कुमार, रेखा कुमारी, रेणु कुमारी, अल्पना टोपो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## गोरहर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के गोरहर में आयोजित सरकार आपके द्वार में सावित्रीबाई फुले योजना के अंतर्गत 14 किशोरियों को मिला प्रमाण पत्र।बता दे किशोरियों के सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दे रही है।जिसमे किशोरियों को आर्थिक मदद की जा रही है। इस कार्यक्रम में बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष कुद्दुश अंसारी,बीडीओ कृतिबाला लकड़ा,सीओ श्रीकांत लाल मांझी, सीडीपीओ नीलू रानी, प्रवेक्षक संयुक्ता कुमारी, रमेश रंजन, राजेन्द्र कुमार,कार्तिक महतो आंगनबाड़ी सेविका समेत दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

## गोविंदपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गोविंदपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 560 के विरुद्ध 144 मामले का निष्पादन किया गया।416 मामले लम्बित रहे।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए।इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा योजना के 62,सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के 180,सीएमीजीपी 03,मुख्यमंत्री पशुधन योजना 71, सर्वजन पेंशन योजना 30,मनरेगा योजना के 06,15 वे वित्त योजना के 02,धोती साड़ी लुंगी योजना 05, कम्बल वितरण 10, केसीसी 21, भु लगान रशीद 25, पीडीएस के 04, जीएसएलपीएस 05,नाम जोड़ने हटाने आपूर्ति विभाग 93,चापानल मरम्मती 07,नामाकन 08,दाखिल खारिज 08, भूमि जांच 11, जॉब कार्ड 09, आवेदन आये।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## तोपा प्रबंधन को विस्थापित रैयतों ने सौंपा ज्ञापन 10 तक निर्णय नहीं होने पर 15 से बंदी आंदोलन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के बनवार, मंगरदाहा व दूधमटिया के पूर्ण विस्थापित रैयतों ने ज्वलंत समस्याओं को लेकर सीसीएल तोपा पीओ को सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। साथ ही, 10 नवंबर तक निष्कर्ष न निकलने पर आगामी 15 नवंबर से खुली खदान बंदी आंदोलन की चेतावनी दी है। विस्थापितों ने कहा है कि तोपा परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन द्वारा हमारी भूमि-आवास लेने के बावजूद अबतक हमें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। प्रबंधन के उपेक्षात्मक रवैये से पूर्ण विस्थापित दर-बदर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। ज्ञापन में बनवार के विस्थापितों को पुनर्वास नीति के तहत 5-5 डिसमिल भूमि अविलंब देने, बनवार के 21 घरों का लंबित मुआवजा देने व पुनर्वास स्थल पर सड़क, बिजली, पानी, गौशाला, सामुदायिक भवन, मंदिर, मस्जिद, इमामबाड़ा, मदरसा, कब्रिस्तान, सरना स्थल की चारदीवारी,बनवार- मंगरदाहा के विस्थापितों को सीओ से सर्टिफिकेट दिलवाने, दूधमटिया को विस्थापित कर पुनर्वासित करने, बनवार के शेष रैयतों को विस्थापित करने की मांग शामिल है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, डीसी, सीएमडी, जीएम, एसपी आदि को प्रेषित की गई है। ज्ञापन देने वालों में असगर अली, आदिल रजा, नसीम अंसारी, मंजर हुसैन, मो.इस्लाम, मो.अलियास, शाहिद अली, छोटन करमाली, मो.सलमान अंसारी, अशरफ जिया शामिल हैं।

## पीवीयूएनएल ने जयनगर में लगाया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत सचिवालय में बुधवार को पीवीयुएनएल के द्वारा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें आवश्यकता के अनुसार ग्रामीणों को निशुल्क दवाईयां भी दी गई। कैंप में मुख्य रुप से मुखिया हीरा देवी उपस्थित थीं। मौके पर डॉ तौहिद, डॉ सुजाता, डॉ श्वेता सुमन ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। 241 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ का जांच करवाया। मौके पर विजेन्द्र मुंडा, महावीर मुंडा, अरघदेव राम, उर्मिला देवी, अजीमा खातुन, राजकुमारी देवी, पुष्पा देवी, गौतम कुमार, रोहित कुमार, मुक्ता कुमारी, शुभम कुमारी आदि ने कैंप की सफलता को लेकर महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

## साई मंदिर मरिसर में हुआ भगवती जागरण का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार स्थित सांई मंदीर परिसर में मंगलवार की देर रात भगवति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें पुनीत पाठक, सौम्या पाठक, रामा प्रजापति, अमित पाठक आदि कलाकारों ने भक्ति गीतों से रातभर ग्रामीणों को भक्ति सागर में डुबाए रखा। ग्रामीणों ने भक्ति गीतों से भाव विभोर होकर नाचते गाते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया गिरजेश कुमार, चुन्नु गुप्ता, मनोज प्रजापति, प्रकाश अग्रवाल, अजय बर्णवाल, प्रदीप गुप्ता, भोलु चैरसिया, श्रवण कुमार, नरेश साव, झरी साव, विश्वनाथ साव, पुजारी मुन्ना मिश्रा, रेखा देवी, धना देवी, चंदा देवी, मैना देवी, बब्लु साव, गोपी कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर निकाली साइकिल रैली

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड में 9 नवंबर को मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चुनाव आयोग के निर्देश पर शुरू हो गया है। मतदाताओं को जागरुक करने को लेकर बुधवार को एसएस प्लस टू हाई स्कुल के छात्र छात्राओं के द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जो स्कुल परिसर से शुरू होकर ब्लॉक मोड़, ब्लॉक कार्यालय, शहीद भगत सिंह चैक, होते हुए फिर स्कुल में आकर रैली को समाप्त किया। इस रैली में पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, सीओ शिवशंकर पाण्डेय, एसएस प्लस टू हाई स्कुल के प्राचार्य रविन्द्र राम, प्रमोद प्रकाश सिंह, विनेश्वर महतो संजय साहू आदि सहित दर्जनों की संख्या में स्कुल के छात्र व छात्रा शामिल थे।

## डीएवी बरकाकाना ने किया कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया ।कैरियर काउंसिलिंग में नेशनल लॉ कॉलेज राँची के प्रोफेसर डॉ अविनाश कुमार और डॉ राजेश कुमार उपस्थित हुए ।कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम में तीनों संकाय के एक सौ साथ छात्रों ने हिस्सा लिया ।उपस्थित प्रोफेसर ने ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में कानून की पढ़ाई उतनी ही मूल्यवान है जितनी मेडिकल,इंजीनियरिंग व सीए कोर्स ।न्यायपालिका के क्षेत्र में नौकरियां अत्यधिक सम्मानजनक और लाभकारी हैं इसलिए छात्रों को इसे प्राथमिकता से लेना चाहिए ।कार्यक्रम में प्रोफेसर की टीम व छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी के साथ वातार्लप किया गया जिससे छात्रों का मनोबल बढ़े ।विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड प्रक्षेत्र डी डॉ उर्मिला सिंह ने बच्चों को अपने संदेश में कहा छात्रों को इन दिनों उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों को जानना चाहिए,दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश पुराने घिसे पिटे ट्रैक पर ही चलना चाहते हैं,जहां पहले से ही काफी भीड़ है ।यह हमारा प्रयास है कि हम अपने बच्चों को पढ़ाई और रोजगार के क्षेत्र में नए आयामों और अवसरों से अवगत कराएं।

## समाजसेवी ने दिव्यांग तैराक को शुभकामना संदेश देकर किया रवाना



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नेशनल पैरा चैम्पिनशिप तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले जितेन्द्र पटेल को समाजसेवी सह नगर परिषद रामगढ के वार्ड संख्या 23 के भावी वार्ड पार्षद प्रत्यासी रामा ठाकुर ने प्रतिभागी को विदाई दिया ।श्री ठाकुर ने तैराक जितेंद्र पटेल द्वारा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए अग्रिम बधाई दिया ।श्री ठाकुर ने बताया हौसले से उड़ान भरी जाती हैं इस बात को चरितार्थ करते हैं जितेंद्र पटेल,जरूरत है सिर्फ एक मौका का एक दिव्यांग ब्यक्ति भी समाज का मुख्य अंग है जिसे हरेक हक अधिकार मिलना चाहिए ।उन्होंने झारखंड सरकार से ऐसे प्रतिभागियों की मदद की गुहार लगायी हैं जिससे प्रतिभागियों में ज्यादा निखार आ सके ।बताते चले कि चितरपुर निवासी दिव्यांग जितेन्द्र पटेल का चयन असम के गुवाहाटी में आयोजित 22 वा नेशनल पैरा ओलंपिक तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने का हुआ था ।मौके पर प्रभात भटाचार्य,रवि पासवान,गुड्डू,रमेश कुमार, जय प्रकाश पाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब में नि:शुल्क शिशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के थाना चौकी स्थित रोटरी क्लब के सभागार में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ परामगढ़ के तत्वधान में नि:शुल्क शिशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एके बेरलिया, क्लब के अध्यक्ष अनिल गर्ग, सचिव राहुल जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डॉ एके बेरलिया के आगमन पर क्लब के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर डॉ बेरलिया ने कहा कि ठंड के मौसम में सांसों में तकलीफ और आंखों में लालीपन से घबराने की जरूरत नही, ज्यादा तर बच्चों उबालकर पानी पिलाये। उन्होंने कहा कि खास कर बच्चों को फ्रेश वेजिटेबल और हेल्दी खाना खिलाए, जिससे बच्चे स्वस्थ रह सके। अगर किसी भी तरह की समस्या आती है तो तुरंत ही अपने नजदीक ही डॉक्टरों की सलाह ले। इस दौरान शिविर में शांति धारा फाउंडेशन के द्वारा मरीजों के बीच नि:शुल्क दवाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर शांति धारा फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद अग्रवाल, पदम चंद जैन, सुरेश बौदिया, अरुण रॉय, संजीव सिंह संजू, निरंजन दत्ता, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## कुजू कोल साइडिंग में कोयला हेराफेरी का बड़ा खेला

# कोल साइडिंगों की खुराक बना चारकोल और ब्लैक स्टोन!

- कार्रवाई होती है, पर नहीं बच जाते हैं मुख्य कारोबारी
- संजू, महेंद्र और प्रवीण तक अब तक नहीं हो पायी है पुलिसिया कार्रवाई

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला में कोयला तस्करी और हेराफेरी का खेल कोई नयी बात नहीं है। तस्करी और हेराफेरी आंख मिचौली के साथ जारी रहती है। समय समय पर पुलिस कार्रवाई करती है, परंतु नकेल कसने में नाकाम रहती है। हालांकि दावा करती है कि कारोबार बंद है। लेकिन उनका दावा जमीन पर नहीं टिकता है।

### कुजू कोल साइडिंग में कोयला हेराफेरी का बड़ा खेला

इधर सूचना है कि कोयला हेराफेरी और मिलावट के खेल में कुजू कोल साइडिंग पहले पायदान पर है। यहां पर चारकोल से लेकर ब्लैक स्टोन भारी मात्रा में खपाया जाता है । इसका खुलासा कई बार हो चुका है। दो बार तो खुद रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने कुजू रेलवे साइडिंग के निकट चारकोल और ब्लैक स्टोन पकड़ कर साबित कर दिया है कि कोल साइडिंगों में भारी गड़बड़ी हो रही है। उनकी कार्रवाई के बाद भी धंधे में शामिल लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस को खुली चुनौती देकर अवैध कारोबार का दायरा बढ़ा रहे हैं।



### संजू, महेंद्र और प्रवीण अब भी पुलिसिया कार्रवाई से दूर!

अवैध कारोबार पर समय-समय पर बड़ी कार्रवाई होती है। अवैध कोयला, चारकोल व ब्लैक स्टोन लदे वाहनों को पकड़कर मामला भी दर्ज किया जाता है। लेकिन कारोबार में मुख्य भूमिका निभाने वाले कारोबारी हर बार बच निकलते हैं। इसके कारण कारोबार का पहिया कभी भी थमता नहीं है। हाल में ही पकड़े गये ब्लैक स्टोन लदे ट्रक मामले में भी प्रवीण नामक व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि धंधे में शामिल कई लोगों पर एफआइआर कर उन्हें जेल भेजा गया है। वहीं चारकोल में पकड़े गये वाहनों के मामले में भी संजू और महेंद्र का नाम एफआइआर में नहीं है। ऐसे में कारोबार पर पाबंदी असंभव है। कोयले में चारकोल बढ़ा देने से कारोबारी तो मालामाल हो जाते हैं, लेकिन पावर प्लांटों का भट्ठा बैठ जाता है।

### चारकोल मिले कोयले से पावर प्लांटों का बैठ रहा भट्ठा

सूत्रों ने बताया कि कोल साइडिंगों की चारकोल और ब्लैक स्टोन खुराक बन गयी है। गुणवत्तापूर्ण कोयले में चारकोल और ब्लैक स्टोन मिला वट कर पावर प्लांट में कोयला भेजा जा रहा है। जिससे पावर प्लांटों को कचरा कोयला पहुंच रहा है और कारोबारी अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये का वारा न्यारा कर रहे हैं। हालांकि इस कारोबार में कुछ अधिकारियों का भी आशीर्वाद प्राप्त है। जिसके कारण कारोबारी अपना कारोबार खुलकर करते हैं।

## चूड़ी नहीं पहने हैं भाजपा कार्यकर्ता, समय आने पर मुख्यमंत्री को देंगे जवाब : सांसद

**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्यव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा कार्यकताओं ने सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। घेराव के बाद भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान सांसद सुनील सिंह ने महागठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं और हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा की जनहित के कार्यों के बजाय प्रदेश की सत्ता पर काबिज हेमंत सरकार कोयला, बालू, गिट्टी के कालाबाजारी, तुष्टीकरण व ट्रांस्फर-पोस्टिंग में व्यस्त है। उन्होंने हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण व भय का वातावरण प्रदेश में होने का भी गंभीर आरोप लगाया। कहा कि रोजी-रोटी पर आफत के साथ-साथ आज प्रदेश में मां-बहनों की सुरक्षा पर भी संकट आ गया है। पूर्व विधायक व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत अन्य नेताओं द्वारा भाजपाइयों को पटक-पटक कर मारने के बयान पर भी उन्होंने पलटवार किया। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कोई चूड़ी नहीं पहने हैं, गठबंधन के नेताओं और मुख्यमंत्री को समय आने पर पूरजोर और समुचित जवाब दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन को सत्ता से बेदखल करने तक हमारा आंदोलन



जारी रहेगा। उन्होंने सुखाड़ को लेकर भी प्रदेश की हेमंत सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र को समुचित रिपोर्ट नहीं भेजने और केंद्र द्वारा राशन का आवंटन मिलने के बावजूद प्रदेश के कार्डधारियों को समुचित राशन नहीं देने वाली राज्य सरकार केंद्र सरकार को बदनाम कर अपनी खामियों पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की जनता सब जान चुकी है। जनता की अदालत आगामी चुनाव में अपना फैसला भी सुना देगी। प्रखंड कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन से पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने शहर में रैली भी निकाली। मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, विद्या सागर, भाजपा नेता कमलेश कुमार उर्फ गुड्डू रजक, संजय सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चिकोर का विपिन व निम्मी का संजय बना अस्सिटेंट इंजीनियर

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त सहायक अभियंता की परीक्षा में भदानीनगर के दो विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराकर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चिकोर निवासी गणेश महतो व सुनिता देवी का पुत्र विपिन महतो ने परीक्षा में सफलता अर्जित कर सड़क निर्माण विभाग में अस्सिटेंट इंजीनियर बना है। वहीं निम्मी गांव निवासी रोहित महतो व राधा देवी का पुत्र संजय कुमार महतो ने भी सफलता हासिल कर डिपार्टमेंट ऑफ वाटर रिसोर्स में अस्सिटेंट इंजीनियर बना है। बधाई देने वालो में पार्षद जयराम बेदिया, मुखिया सबीता तुरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, रामफल बेदिया, दिलीप दांगी, कृष्णा कुशवाहा, सनी कुशवाहा, योगेश दांगी, सागर दांगी, शैलेश कुशवाहा, कमलेश मेहता, राजेश मंडल, सुजीत पटेल आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ऑल इंडिया केवीएस एथलीट चैम्पियनशिप में सौंदा डी के पियूष ने पाया तृतीय स्थान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया 51वां केवीएस एथलीट चैम्पियनशिप में सौंदा डी निवासी कौशल कुमार सिंह का पुत्र पियूष कुमार सिंह ने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। पियूष ने 400 मीटर हर्डल दौड़ में तृतीय स्थान पाया है। केंद्रीय विद्यालय पतरातू का छात्र पियूष रांची संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। पियूष की सफलता पर कोच मो. कमरूद्दीन, विद्यालय के प्राचार्य आरसी गौड़, मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## झारखंड सरकार के विरुद्ध टंडवा भाजपा ने की जन आक्रोश रैली, प्रदर्शन भी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा प्रखंड में भ्रष्ट झारखंड सरकार के विरुद्ध एक दिवसीय जन-आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। जिसमें टंडवा प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से दो हजार की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुये। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम में लोग हाथों में सरकार विरोधी नारों के साथ शक्तियां एवं बैनर लेकर झारखंड सरकार मुदार्बाद झारखंड सरकार हाय हाय भ्रष्ट हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो हरिजन और दलितों का शोषण करना बंद करो, कानून व्यवस्था दुरुस्त करो इत्यादि नारों के साथ पूरे टंडवा नगर का भ्रमण किया गया रैली के सकल में आये भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रखंड मुख्यालय में तालाबंदी किया गया ।तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुये कार्यक्रम प्रभारी कालीचरण सिंह ने कहां कि हेमंत सोरेन जब अपने समाज के बहू बेटियों की इज्जत प्रतिष्ठा नहीं बचा सकते तो राज्य के अन्य बहू बेटियों का इज्जत की रक्षा कितना करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा की सरकार में मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी जेब भरने में लगे हुये हैं। इनको जनता के सुख-दुख से कोई चिंता नहीं है, यही कारण है की मंत्री के यहां भी 100



करोड़ रुपए घोटाले के रूप में ईडी द्वारा प्राप्त किया जाता है। सरकारी तंत्र चरमरा गयी है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने कहा कि यह सरकार सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग की सरकार है, इस सरकार में चोरी घूसखोरी और बलात्कारियों का मनोबल ऊंचा हुआ है। उत्तरी क्षेत्र जिप सदस्य सदस्य देवंती देवी, जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, उज्जवल कुमार दास,प्रमोद सिंह इत्यादि नेताओं ने कार्यक्रम में संबोधित किया ।इस मौके पर शिव प्रसाद गुप्ता,ललित साहू,अरविंद सिंह, शशि चौरसिया, सुनील चौरसिया,जगदीश महतो, कामेश्वर पांडे, अरुण पांडे, गणेश गुप्ता, नत्थू प्रसाद गुप्ता, संजीव पांडे,प्रमोद सिंह, धनंजय पांडे, सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा साहिब में देर रात सजा विशेष दीवान, कीर्तन से साध संगत हुए निहाल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार की रात विशेष दीवान सजाया गया। इस दौरान विशेष दीवान में प्रसिद्ध रागी जत्था मोहिन्दरजित सिंह खालसा ने सबद कीर्तन पेश कर साध संगत को निहाल किया। मौके पर रामगढ़ के एसपी पीयूष पांडेय की मां विशेष दीवान में शामिल होकर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक कर आशीर्वाद ली। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से



कमलप्रीत कौर छाबड़ा ने माता जी शॉल ओढ़ाकर व रंजू अरोड़ा ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विशेष दीवान 8 बजे से रात 1 बजे तक चला।इसके पश्चात गुरुद्वारा साहिब में विशेष लंगर का आयोजन किया गया।

### ये थे उपस्थित

मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, सचिव हरदीप सिंह होरा, मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी, दलजीत सिंह आनंद, रविंद्र सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह लांबा, हरमीत सिंह कालरा, बंटी चमन, मनमोहन सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, बलजीत सिंह बेदी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, रमन कोहली, विक्रमजीत सिंह कोहली, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, बन्नी गांधी, अमरपाल आनंद, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, भूपेंद्र सिंह चंडोक, दलजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह जस्सल, सीमा कोहली, रंजू अरोड़ा, कमलप्रीत कौर छाबड़ा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर आदि उपस्थित थे।

## देवरिया पंचायत में सरकार आपके द्वार के तहत लगा विशेष शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** देवरिया पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विकास नायक व संचालन जितेंद्र नायक ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय व कृष्णा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दो दिव्यांगों के बीच ट्राइ साइकिल का वितरण किया गया। वहीं दर्जनों लड़कियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस दौरान चिकोर पैक्स द्वारा छह किसानों का केसीसी आवेदन प्रखंड कृषि पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने परिसंपत्ति का भी वितरण किया। जिसमें फूलो-झानो योजना के तहत महिला समूहों को 10-10 हजार का चेक दिया।

## जेएम कॉलेज में हुई विभावि अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार को विभावि अंतर महाविद्यालय का दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के मैच में आनंदा कॉलेज हजारीबाग के अंकुश राज ने चतरा कॉलेज के ऋषभ राज को, आनंदा कॉलेज के जय अमन कुमार ने चतरा के राजकुमार निषाद को, संत कोलंबा हजारीबाग के नितिन राज सिंगर ने जेएम कॉलेज के अनिल कुमार को, संत कोलंबा के रूपेश सोनी ने चतरा के ऋषभ राज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में संत कोलंबा की रक्षित सहाय ने जेएम कॉलेज की सुरभि को, संत कोलंबा की डौली ने जेएम कॉलेज की माही को व संत कोलंबा की सपना ने जेएम कॉलेज की नेहा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश की। बताया गया कि गुरूवार को फाईनल मैच खेला जायेगा। मौके पर संयोजक कमल कृष्ण सेठ, डा गिरधर पाठक, डा अरविंद सिंह, डा अंजनी सिंह, लीला सिंह, शीला सिंह, कुंवर रंजीत सिंह, सुब्रतो घोष आदि मौजूद थे।

## झाकोमयू ने विभिन्न मांगों को ले सौंपा 25 सूत्री मांग-पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल व भुरकुंडा शाखा द्वारा बुधवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष भुरकुंडा कोलियरी खुलवाने को ले प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रबंधन को 25 सूत्री मांग-पत्र सौंपी गई। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने कहा कि प्रबंधन अविलंब भुरकुंडा कोलियरी को चालू करवाए। साथ ही यूनियन द्वारा सौंपे गये 25 सूत्री मांग-पत्र पर अविलंब पहल करे। अन्यथा यूनियन क्रमवार आंदोलन करेगी। सौंपे गये मांग-पत्र में 11वां राष्ट्रीय वेतन समझौता सिघ्र संपन्न कर लागू करने, आउटसोर्सिंग के मजदूरों को हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन देने, परियोजना व क्षेत्रीय चिकित्सालय में नियमित डॉक्टर की उपस्थिति, यूनियन को सेफ्टी सहित एरिया स्तर की एसीसी परियोजना की सभी कमेटियों में प्रतिनिधित्व देने, विस्थापितों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति के तहत मुआवजा व सुविधा देने सहित 25 मांगे शामिल हैं। प्रदर्शन में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उदय मालाकार, अनिल एक्का, बासुदेव उरांव, छोटेलाल, सुखलाल मांझी, नन्दू नायक, जग्गू घासी, शंकर घासी, मंगरा उरांव, सन्याल घोष, भादो मुर्मू, राजू राम, शहनवाज खान आदि शामिल थे।

## कल रामगढ़ में धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपाइयों की बैठक सेवटा में संपन्न




**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं गिरती कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध के खिलाफ को लेकर भाजपा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सेवटा में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रंजीत प्रसाद साहू ने की। बैठक में आगामी 11 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ में विशाल धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। जिसमें एक हजार की संख्या में कार्यकर्ता व नेता धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाएंगे। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत सिन्हा, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, महामंत्री सुनील प्रसाद साहू, प्रिया करमाली, रामचल मुंडा, गणेश प्रसाद साहू, सुबोध प्रसाद साहू, राजेश करमाली, वीरेंद्र प्रसाद, सेवालाल प्रसाद समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

## आये आवेदनों पर कार्रवाई कर योग्य लाभुकों को करें लाभान्वित : डीसी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य में एक साथ विभिन्न स्थानों पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसे लेकर द्वितीय चरण के 8वें दिन चतरा जिले के 12 प्रखंडों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड के रामपुर पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के जोलडीहा पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के दंतार पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जमरीबकसपूरा पंचायत, चतरा प्रखण्ड के लेम पंचायत, इटखोरी प्रखण्ड के नवादा पंचायत, मयुरहंड प्रखण्ड के मझगांवा पंचायत, सिमरिया प्रखण्ड के पीरी पंचायत एवं टण्डवा प्रखण्ड के बहेरा पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया। बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखण्ड के लेम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच विभिन्न विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित लगाये गये स्टॉलों में योग्य लाभुकों द्वारा प्राप्त आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन के साथ-साथ ऑन लाइन इंट्री तीव्र गति से करेंगे। मौके पर उपायुक्त ने योग्य लाभुकों को जॉब कार्ड, समेत कई योजनाओं का स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा की गेगदा में बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा की बैठक बुधवार को गेगदा में हुई। इसकी अध्यक्षता इंटक जिला सचिव कुलदीप यादव व संचालन सोनू उरांव ने किया। बैठक में बलकुदरा खुली खदान मामले पर चर्चा की गई। कहा गया कि स्थानीय लोग धूप में अनाज उगा सकते हैं, बंजर जमीन को उपजाऊ बना सकते हैं तो कोयला ट्रसपोर्टिंग का काम क्यो नहीं कर सकते। बैठक में पीएलआर कंपनी से अविलंब स्थानीय विस्थापितों को काम देने की मांग की गई। कहा गया कि हमलोगों को काम नहीं दिया गया तो चक्का जाम आंदोलन होगा, जिसकी जवाबदेही कंपनी व प्रशासन की होगी। मौके पर मो. क्युम अंसारी, चन्दन उरांव, पवन यादव, संजय यादव, देवनाथ, संजय, प्रकाश यादव, रविंद्र यादव, मोहित यादव, सुजीत महली, एक अंसारी, विकाश महतो, राजेंद्र यादव, राम प्रसाद करमली, दीपक यादव, संजय, राहुल करमाली, सिद्धार्थ मुंडा, रूबी देवी, बबीता देवी, सुमंता देवी, फूलो देवी, बसंती देवी, आदि मौजूद थे।

**अभियान :** पैदल मार्च निकाल की गयी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 की शुरुआत, उपायुक्त ने कहा

# 17 वर्ष की आयु वाले भी कर सकते हैं आवेदन

**01 अक्तूबर 2005 से पहले जन्म लेने वाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मतदान में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज 9 नवंबर से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 की शुरुआत की गई। जिसके तहत आज पैदल मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं जिले के सभी वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। पदयात्रा में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा यह मार्च करते हुए गांधी पार्क परिसर से प्रारंभ होकर जशपुर रोड सहित बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः वापस समाहरणालय परिसर गुमला में समापन किया गया। इस दौरान आम जनों को अहर्ता तिथि के बारे में जागरूक किया गया। 01 अक्तूबर 2005 से पहले जन्म लेने वाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि उसकी उम्र 18 वर्ष नहीं भी हुई हो, तब भी वह आवेदन कर सकता है। उसे आवेदन करने के लिए 18 वर्ष पूरा होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण का कार्य आठ दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एडवांस में एप्लिकेशन लेने का उद्देश्य मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। साथ ही इससे समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचानपत्र के लिए आवेदन करने की अर्हता तिथि एक अक्तूबर 2005 रखने का उद्देश्य यही है कि 17 वर्ष की आयु वाले भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, ताकि आने वाले वर्ष 2023 में 18 वर्ष पूरा होने पर वोटर आईडी उसके हाथ में रहेगा। इससे आने वाले मतदान में उसकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

**तकनीक के जरिए करें ऑनलाइन आवेदन :** उपायुक्त ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी मतदान केंद्रों में बीएलओ के द्वारा पंजीकरण या सुधार के लिए आवेदन लिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण को तकनीकी सक्षम बनाना है, जिसके लिए मतदाता सेवाएं गरुड़ ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप और एनवीएसपी डॉट इन आदि तकनीक के द्वारा भी आसानी से मतदाता अपने आवेदन को ऑनलाइन दे सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, एसडीओ गुमला रवि जैन, आईएएस प्रशिक्षु सह जिला सहायक समाहर्ता आशीष कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, निर्वाचन विभाग के शेखर कुमार के अलावा सभी वरीय पाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम तीन चरण में किया जायेगा पूरा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के गुलाम शमदानी ने कहा कि युवाओं को फोकस में रखकर पुनरीक्षण अवधि के दौरान तीन सप्ताह में कार्यक्रम तय किये गये हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह में 9 नवंबर से 15 नवंबर तक शहरी क्षेत्रों के सभी अपार्टमेंट्स में, दूसरे सप्ताह में 16 नवंबर से 22 नवंबर तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल में, जिसमें प्लस-2 में पढ़ रहे बच्चे जिनकी उम्र 17 वर्ष हो गयी हो, उनसे आवेदन लिये जाएंगे। तीसरे सप्ताह में 23 नवंबर से सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में कैंप का आयोजन किया जाएगा। बीएलओ द्वारा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन लिया जाएगा। साथ ही पंजीकरण या सुधार आदि के लिए दावा आपत्ति पत्र प्राप्त किये जायेंगे।

## संदेहास्पद स्थिति में हुई पूर्व मुखिया रेणु कुमारी की मौत

**मंगलवार की रात लगभग दस बजे गुमला पुलिस को बाईपास सड़क सीलम के समीप रेणु कुमारी अपनी स्कूटी के साथ सड़क पर खून से लथपथ स्थिति में मिली थीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला के बाईपास सड़क सीलम के समीप मंगलवार देर रात को सड़क दुर्घटना में सिसई भदौली पंचायत के पूर्व मुखिया रेणु कुमारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। रात में शव की पहचान नहीं हो सकी थी। बुधवार को जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा एवं अन्य लोगों ने शव की पहचान पूर्व मुखिया रेणु कुमारी के रूप में की।

परिवार वालों को मौत को जानकारी तब हुई जब पुलिस द्वारा पहचान होने को लेकर घटना स्थल की तस्वीर और शव के फोटो को फेसबुक व वाट्सएप में वायरल किया। सिसई वासियों ने मृतक के पति संजय कुमार भगत को जानकारी दी। शरीर पर लगे चोट, कपड़े व स्कुटी की हालत को देखते हुए परिजन व स्थानीय लोग रेणु की हत्या होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। पंचनामा में पुलिस ने भी संदेहास्पद मौत दर्शाया है। जिस कारण पोस्टमार्टम के लिए उपाधीक्षक द्वारा तीन सदस्यीय चिकित्सकों का मेडिकल टीम गठित कर शव का पोस्टमार्टम किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुखिया रेणु कुमारी अपनी स्कूटी से मंगलवार दोपहर ढाई बजे के करीब गुमला जाने की बात कहकर घर से निकली थी। बताया जाता है कि रात में गुमला के लोहरदगा रोड स्थित बिंदेश्वरी होटल के पीछे अपनी बहन के घर पर थी। रात में ही लगभग आठ बजे अपनी बहन को बोली कि तुम खाना बनाओ, हम चौक से घुम कर आ रहे हैं, कहकर वह अपनी स्कूटी लेकर निकली। काफी देर हो जाने के बाद वापस नहीं लौटी। जिसके बाद उसकी बहन ने फोन के माध्यम से रेणु कुमारी से संपर्क करने का प्रयास किया। परन्तु उसका मोबाइल बंद आया। रेणु अपने घर भदौली सिसई चली गई होगी, सोचकर रेणु कुमारी की खोज खबर नहीं ली। रात लगभग दस बजे गुमला पुलिस को गश्ती के दौरान गुमला बाईपास सड़क सीलम के समीप रेणु कुमारी अपनी स्कूटी के साथ सड़क पर खून से लथपथ स्थित में मिली थीं। पुलिस रेणु को उठा कर सदर अस्पताल गुमला ले आये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुर्व मुखिया रेणु कुमारी की मौत होने से सिसई में शोक की लहर है। वहीं शोकाकुल परिवार को जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, भदौली मुखिया अलबना देवी सहित कई लोग ने घर पहुंचकर ढांढस बंधाया।

मृतका रेणु कुमारी के परिवार में पति संजय कुमार साहू के अलावा एक बेटी खुशबू कुमारी और एक बेटा कृष कुमार हैं। बेटी खुशबू कुमारी रांची के बुंडू स्थित दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडलीय बालिका स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। वहीं कृष कुमार सिसई के राज्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय कक्षा चार में अध्ययनरत है।

## राज्य स्थापना दिवस पर होगी तीन दिवसीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता

**फुटबाल और हॉकी की नर्सरी लहलहाने के बाद अब गुमला में बैडमिंटन का खेत भी तैयार किया जाने लगा है : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ कर इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने इसे लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि 13 नवंबर से 15 नवंबर तक एकल और युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग आयुवर्ग 14-30, 31-50, 51-65 के अलावा ओपन कोटि के अलावा जिले के अधिकारी और कर्मचारी भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। उद्घाटन 13 नवंबर को 11 बजे से जबकि समापन 15 नवंबर को संध्या चार बजे किया जाएगा। पंजीयन नौ नवंबर से 12 नवंबर तक होगा। सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**खेल बैंक का उठाएं लाभ :** उपायुक्त ने बताया कि खेल उपकरण जिला प्रशासन द्वारा स्थापित खेल बैंक उपलब्ध कराएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिला के लोग हर खेल में अपनी प्रतिभा को उजागार करें। बताया कि बैडमिंटन कोर्ट में लगाया गया उपकरण व अन्य सामग्री काफी महंगी और गुणवत्तायुक्त है। सभी लोग इसे अपना समझें और इसकी सुरक्षा पर भी ध्यान देंगे तो यह अगले 15 वर्षो तक इस कोर्ट का लोग इस्तेमाल कर सकेंगे।

प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, सहायक दंडाधिकारी आशीष, डीपीआरओ संजय कुमार ,डीएसओ हेमलता बून , एडीएफ एलिना दास आदि मौजूद थे।

## अनियमित जलापूर्ति को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीएचइडी के एसडीओ से की मुलाकात

**पीएचईडी विभाग से व्यवस्था जल्द दुरूस्त करने का मिला आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर में अनियमित जलापूर्ति की समस्या को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पीएचईडी के एसडीओ जितेंद्र लकड़ा से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान पानी की समस्या पर बात की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नियमित जलापूर्ति नहीं होने पर वे आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही विभाग की होगी। चूंकि पानी जनता की जरूरत है और जनता की समस्या दूर करने की दिशा में प्रयास करना हमारा दायित्व है। इसलिए विभागीय अधिकारी अपनी जवाबदेही समझें और समस्या के निराकरण की दिशा में कदम उठायें। इस पर एसडीओ ने प्रतिनिधिमंडल को विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयास की जानकारी दी। जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्वकर्ता बीस सूत्री के सदस्य सह वरीय कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने ईई मंतोष कुमार मणि से मोबाईल पर वार्ता की। इस क्रम में रमेश ने अपने आंदोलन की तय की गई रूपरेखा के बारे में बताया। जिसमें ईई ने आश्वस्त किया कि पीएचईडी स्वयं इस दिशा में गंभीर है। चूंकि एनएच द्वारा सड़क निर्माण के दौरान पाईप क्षतिग्रस्त होने से समस्या उत्पन्न हो रही है। इसलिए एनएच से बात की गई है। पाईप क्षतिग्रस्त करने से पहले व्यवस्था दुरूस्त करने को कहा गया है। इसकी पूरी उम्मीद है कि अब शहर में जलापूर्ति की समस्या नहीं होगी।

इसपर प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय पहल की सराहना की। साथ ही अल्टीमेटम दिया कि यदि पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो कार्यालय में तालाबंदी के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर रमेश कुमार चीनी, अमर कुजूर, अरूण गुप्ता, रामनिवास प्रसाद थे।

### 12 नवंबर को जन आक्रोश रैली भाजपा की बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा में आगामी 12 नवंबर को भाजपा की जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर घाघरा एवं आदर मंडल की संयुक्त बैठक बुधवार को भाजपा कार्यालय चांदनी चौक घाघरा हुई। बैठक की अध्यक्षता आदर मंडल अध्यक्ष गोपाल गोप ने की। बैठक में आगामी 12 नवंबर दिन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय घाघरा मैं चांदनी चौक से ब्लॉक चौक तक झारखंड सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालने की तैयारी पर चर्चा की गई। मौके पर भाजपा घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो घाघरा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, प्रदेश एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत, सांसद प्रतिनिधि अनिल प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य बिपिन बिहारी सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सतवंती देवी, आदर महामंत्री श्याम साहू , लाल साहू, अशीत कुमार सिंह, सुशीत गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सैयदा खातून ने की नगर में लाइट लगवाने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने गुमला नगर परिषद में विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर गुमला नगर परिषद में लाइट की व्यवस्था की मांग की गयी एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता के नाम पत्र भी दिया गया। पत्र के माध्यम से समस्याओं के समाधान का मांग की गयी। सैयदा खातुन ने बताया कि गुमला नगर परिषद के सरना टोली, डीएसपी रोड, बड़ा तालाब, नदी टोली, दुम्बरतोली, गुमला पार्क, अंबडेकर नगर, आजाद बस्ती, खड़ियापडा, कुरैशी मुहल्ला, भुइयां टोली, इस्लामपुर एवं कई ऐसे इलाके हैं जहां नशेड़ी एवं असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। जिसकी वजह से रात के समय कुछ अप्रिय घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। सैयदा खातुन ने कहा कि बिजली विभाग को पत्र के माध्यम सभी मामलों को लेकर अवगत करा दिया गया है।

**कार्यक्रम :** बेलागड़ा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त ने बीडीओ-सीओ को दिये निर्देश

# सभी जरूरतमंद लोगों को तत्काल योजना से जोड़ कर लाभान्वित करें



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को बेलागड़ा पंचायत में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त सुशांत गौरव, विशिष्ट अतिथि बीडीओ विष्णु देव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज रहे। दीप प्रज्वलन के दौरान उपायुक्त ने विकलांग बच्ची को बुलाकर दीप प्रज्वलित कराया और कार्यक्रम की शुरुआत करायी। इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 बच्चियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये, जेएसएलपीएस के द्वारा दो महिला मंडल समूह के बीच छह लाख, 10 परिवार को जॉब कार्ड, 143 पीपीओ, 6 लाभुकों को केसीसी ऋण स्वीकृत कर वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ व सीओ को निर्देश देते हुए कहा है कि जितने भी जरूरतमंद लोग हैं उन सभी को तत्काल योजना से जोड़ कर लाभान्वित करें। किसी भी कार्य के लिए कोई भी परेशान ना हो। ग्राउंड लेवल पर काम हो सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से कराना सुनिश्चित करें। यह कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के पीछे का मकसद ग्रामीण स्तर पर योजनाओं की जानकारी देकर लाभ पहुंचाना है। उन्होंने जनता दरबार में आये लोगों से भी आग्रह किया है आप सभी योजना के बारे में जानकारी लें सरकार आपके लिए बहुत योजनाएं चला रही हैं। इन सभी योजनाओं का लाभ उठाएं।

**लचर व्यवस्था देख जम कर लगायी फटकार :** कार्यक्रम स्थल में पहुंचते ही उपायुक्त ने लचर व्यवस्था देख कर्मियों को जमकर फटकार लगायी। इस दौरान उपायुक्त ने स्टाल पर बैठे संबंधित पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि बैठ कर कुर्सी तोड़ने से कोई फायदा नहीं। कुर्सी से उठ घूम घूम कर जरूरतमंद लोगों को देखें। उनसे पूछें कि किस चीज की कमी है, वह क्यों आया है और तुरंत अपने से आवेदन भरकर लोगों की समस्या का समाधान करें। इस तरह से कुर्सी पर बैठकर कुर्सी तोड़ने से जनता दरबार का मकसद पूरा नहीं होगा।

**जमीन पर बैठ उपयुक्त ने लोगों की समस्या सुनी :** जमीन पर बैठकर उपायुक्त ने लोगों की समस्या सुनी और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

### ऐसे हैं हमारे उपायुक्त महोदय



आज घाघरा प्रखंड के बेलागड़ा पंचायत में लगे पंचायत स्तरीय शिविर में पहुंचे उपायुक्त श्री सुशांत गौरव की नजर जब जमीन पर बैठी एक बुजुर्ग माताजी पर पड़ी तो उन्होंने उनके पास जाकर कुछ इस तरह विनम्रता पूर्वक उनका हालचाल लिया। बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके दायें पैर में कुछ दिक्कत है उन्हें बैशाखी चाहिए, इस पर उपायुक्त ने तुरंत उनकी मांग को क्रियान्वित करने का आदेश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिया। यह पहला मौका नहीं है जब उपायुक्त सुशांत गौरव का ऐसा सरल और विनम्र स्वभाव हम सभी को देखने को मिलता है। बल्कि उनका ऐसा व्यवहार उनकी सामान्य दिनचर्या में देखा जा सकता है। अभी हाल ही में पिछले दिनों चैनपुर प्रखंड के एक जनता दरबार में भी वे जमीन पर बैठे एक दृष्टिबाधित फरियादी से जमीन पर ही बैठकर कुछ इस तरह बात करते हुये हमें दिखे थे, जैसे वह उनका निकट का कोई परिचित हो। इतना ही नहीं वे अपने सभी अधीनस्थों को भी हर मीटिंग में बोलते हैं कि जनता दरबार की असली सफलता तभी है जब शिविर में मौजूद नागरिकों में से सबसे दूर या सबसे अकेला बैठा व्यक्ति भी अपनी बात सहजता से रख सके, इसको लेकर अधिकारी ऐसे फरियादियों के पास खुद जायें और अधिकारी बनकर नहीं बल्कि उनके सहयोगी बन कर बात करें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सूची का प्रकाशन व जागरूकता रैली निकाल की गयी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 2023 का शुभारंभ बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन और जागरूकता रैली निकाल कर किया गया। रैली प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा की अगुवाई में मुख्यालय से निकल कर नेशनल हाईवे 43 शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह चौक बजारडांर आदि का भ्रमण कर पुनः प्रखंड मुख्यालय पहुंची। मतदाता सूची पुनरीक्षण में 18 वर्ष पूरा करने वाले व्यस्क युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना है। नाम सुधार, पता सुधार, विलोपन करना, फोटो बदली करना आदि किसी प्रकार का भी मदतादा पहचान पत्र में सुधार होगा एवं मतदाता पहचान पत्र से आधार कार्ड को जोड़ना आदि कार्य किया जाएगा। कार्य 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक चलेगा। प्रखंड मुख्यालय निर्वाचन कार्यालय एवं पोषण क्षेत्र के बीएलओ से मिलकर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, उपमुखिया तस्लीम खान, अभिषेक कुमार, पंचायत सेवक दिगम्बर ओहदार, संजय ओहदार, जेएसएलपीएस हरी साहू, ललिता देवी, मेडलीन खाखा, नवीन कुजूर, मो. कुर्बान एवं केजीवीवी की छात्राएं मौजूद थीं।

### बसिया प्रखंड की आर्या पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आर्या पंचायत भवन प्रांगण में बुधवार को किया गया। इस शिविर में सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उरांव, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सभी विभागीय पदाधिकारी मुखिया जंसिता बागे, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य ललित कीड़ो के साथ पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त शिविर में पेंशन, केसीसी, पीडीएस, जाति, आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा मजदूर निबंधन, श्रम, फूलों झानो, सावित्री फूले, किशोरी समृद्धि समेत अन्य आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिये गये, जिसमें कुछ को शिविर में ही निष्पादित कर दिया गया।

### साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी ने की ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों के साथ बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिशुनपुर थाना में बुधवार को साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रखंड में संचालित तमाम ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। मौके पर थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिशनपुर प्रखंड आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां काफी भोले भाले एवं सीधे लोग रहते हैं। जिस कारण साइबर अपराधियों के द्वारा कई लोगों को प्रलोभन देकर ठगने का काम किया जा रहा है, जिस पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी जब फोन कर लोगों को ठगने का काम करते हैं तो ग्रामीण सीधे अपने क्षेत्र में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचकर साइबर अपराधी के खाते में पैसा ट्रांसफर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी ग्राहक सेवा केंद्र के लोग बिना जांच किये पैसा ट्रांसफर नहीं करेंगे। अगर पैसा ट्रांसफर का सही एड्रेस ग्रामीणों द्वारा नहीं दिया जाए और आप सभी को शंका हो तो सीधे इसकी सूचना बिशुनपुर पुलिस को दें। ऐसा नहीं करने वाले ग्राहक सेवा के लोगों को अपराध में शामिल माना जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोगों को जागरूक भी करना है ताकि वे लोग साइबर अपराधियों के चंगुल में ना फंसे और ठगी का शिकार होने से बच जायें। मौके पर एसआई सुरेंद्र कुमार, घनश्याम रवि सहित ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक उपस्थित थे।

### 'यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो' कार्यक्रम के तहत यूथ कांग्रेस बिशुनपुर ने की बैठक




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** यूथ कांग्रेस जिला कमेटी के निर्देशानुसार यूथ कांग्रेस बिशनपुर विधानसभा के बैनर तले बुधवार को घाघरा जलका रोड में यूथ कांग्रेस बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत की अध्यक्षता में यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक की गयी। आदित्य भगत ने कहा कि यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो, कार्यक्रम के तहत युवाओं को हर बूथ में कम से कम 10 युवा साथी को जोड़ने के लिए निर्देश प्राप्त है। देश का नेतृत्व युवा कर सकता है। प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार भगत ने कहा कि युवा साथी कांग्रेस की विचारधारा को हर बूथ तक लेकर जायेंगे। प्रभारी कार्तिक कुजूर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 150 वर्ष पुरानी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी एक परिवार है। जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी, तो लोगों के लिए जीवन जीने का बहुत ही सरल व्यवस्था, हर तबके के लोग आसानी से अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे। वर्तमान की सरकार में महंगाई से आम जनता त्राहिमाम हो रही है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शिवकुमार भगत, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, जिला प्रभारी कार्तिक कुजूर, जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष, पल्लव कुजूर, जिला उपाध्यक्ष विनय भगत, सिसई विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, महासचिव बसंत उरांव, मंडल अध्यक्ष शहजाद खान, युवा कांग्रेस के प्रखंड घाघरा अध्यक्ष नितेश उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष बिशनपुर बंधन उरांव, सदस्य इलाही राय, संजेश उरांव, विनोद भगत, सुरेंद्र यादव, कैलाश महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

